# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Email – registrar@msuniversity.ac.in

website-msuniversity.ac.in

दिनांक: 16/07/2026

पत्रांक 303 / प्रवेश / एम0एस0यू0 / 2026–27

**प्रेस विज्ञप्ति**

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में B.Lib एवं स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों (M.Ed, LLM, BPES, B.Sc(PHES), M.P.Ed, B.P.Ed, Master of Law के अतिरिक्त) पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु पंजीकरण दिनांक 12.05.2026 से प्रांरम्भ हुए थे, जिसकी अंतिम तिथि 21.07.2026 है। पंजीकरण अभ्यर्थियों की B.Lib एवं स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों (M.Ed, LLM, BPES, B.Sc(PHES), M.P.Ed, B.P.Ed, Master of Law के अतिरिक्त) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार आरक्षण नियमों का पालन करते हुए, संलग्न समय–सारणी (प्रवेश कार्यक्रम) अनुसार की जानी है। सभी महाविद्यालयों / संस्थानों से अपेक्षा है कि निर्धारित समय–सारणी / प्रवेश कार्यक्रम का अनुपालन कर प्रवेश करना सुनिश्चित करें।

**अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश**

01. जिस अभ्यर्थी का नाम निर्धारित तिथि को महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में होगा, उस अभ्यर्थी को ही निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
02. मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के मैसेज प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट **https://msuweb.in/** पर जाकर अपनी लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड की सहायता से ऑफर लैटर डाउनलोड करेगें।
03. आफर लैटर, रजिस्ट्रेशन फार्म एवं सभी शैक्षिक एवं अन्य आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति, मूल अभिलेख, फोटो इत्यादि लेकर सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान में निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करेगें।
04. यह स्मरण कराना समीचीन है कि अभ्यर्थी को प्रवेश न लेने की स्थिति में सीट रिक्त रहने की स्थिति में ही ओपन में प्रवेश का अवसर मिल सकता है।
05. किसी भी मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
06. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना यदि गलत पायी जाती है तो उसी समय अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
07. अनुसूचित जाति / जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर (EWS), विकलांग, स्वतन्त्रता सेनानी, पूर्व सैनिक वार्ड इत्यादि सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय न होने की स्थिति में आरक्षण सम्बन्धी कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।
08. प्रवेश लेने के समय सभी मूल शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख अभ्यर्थी अपने साथ रखें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
09. प्रवेश के समय अभ्यर्थी अपने प्रवेश से सम्बन्धित दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रति अपने साथ लायें।
10. प्रवेश से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के विवाद, भ्रम या अनिश्चितम की स्थिति में निर्णय लेने का अधिकार सम्बन्धित महाविद्यालय / संस्थान के प्राचार्य / प्राचार्या का होगा।

(Prof. Sanjay Kumar)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सहा0 समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. गार्ड फाईल।

(Prof. Sanjay Kumar)
प्रवेश समन्वयक

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

**शैक्षणिक सत्र 2026–27 परास्नातक (M.Ed/LLM/ BPES/B.Sc(PHES)/M.P.Ed/B.P.Ed/Master of Law को छोड़कर) कक्षाओं हेतु प्रवेश कार्यक्रम**

| क्रम | विवरण | दिनांक | प्रथम वरीयता सूची | द्वितीय वरीयता सूची (रिक्त सीटों के सापेक्ष) | अन्तिम ओपन प्रतीक्षा सूची |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समर्थ पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण आरम्भ होने की तिथि | 12.05.2026 | | | रिक्त सीटों के सापेक्ष समर्थ पोर्टल पर नये पंजीकरण एवं पंजीकरण छात्रों हेतु नये पाठ्यक्रम को सम्मिलित करने की तिथि:– 30 से 31 जुलाई, 2026 |
| 2 | समर्थ पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण की अन्तिम तिथि | 21.07.2026 | | | |
| 3 | महाविद्यालयों में छात्रों हेतु पंजीकरण फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 22.07.2026 | | | छात्रों द्वारा रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों में आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 01.08.2026 |
| 4 | विश्वविद्यालय पोर्टल पर महाविद्यालयों को मास्टर लिस्ट (डाटा) उपलब्ध कराने की तिथि | 23.07.2026 दोपहर 12:00 बजे | | | 02.08.2026 |
| 5 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर वरीयता सूची अपलोड कराने व छात्रों हेतु जारी करने की तिथि एवं समय | 23.07.2026 (सांय 04:00 बजे तक ) | | 27.07.2026 (दोपहर 02 बजे) | 03.08.2026 (पूर्वान्ह् 10 बजे) |
| 6 | विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर लैटर जारी करने की तिथि | | 23.07.2026 सांय 6 बजे | 27.07.2026 (सांय 05 बजे) | 03.08.2026 (सांय 06:00 बजे) |
| 7 | महाविद्यालयों द्वारा छात्रों को प्रवेश प्रदान करने की तिथि | | 24 से 25 जुलाई, 2026 | 28 से 29 जुलाई, 2026 | 04 अगस्त से 05 अगस्त 2026 |
| 8 | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल एवं समर्थ पोर्टल पर प्रवेश सम्पुष्ट करने की अन्तिम तिथि | | 25.07.2026 | 29.07.2026 | 05 अगस्त 2026 |

**नोट:–** 1. वरीयता सूची में सम्मिलित प्रवेशार्थी प्रवेश हेतु निर्धारित दिनांक को सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष अनिवार्यतः प्रातः 10:00 बजे उपस्थित (**Reporting Time**) होना सुनिश्चित करें।

2. प्रस्तुत प्रवेश कार्यक्रम का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। विस्तृत व अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

3. समर्थ पोर्टल:– msuadm.samarth.edu.in

(Prof. Sanjay Kumar)
प्रवेश समन्वयक